दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 10 ⁄ 05 ⁄ 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

भारतीय सैन्य बलों ने पाकिस्तान की लगातार बढ़ती और भड़काऊ कार्रवाइयों के जवाब में उसके तकनीकी बुनियादी ढांचे, कमान और नियंत्रण केंद्र, रडार साइटों और हथियार भंडारण क्षेत्रों सहित कई सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं। भारतीय लड़ाकू विमानों ने हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियारों का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान के रफीकी, मुरीद, चकलाला और रहीमयार खान जैसे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। आज नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर पर एक प्रेस वार्ता में कर्नल सोफिया कुरैशी ने भारतीय सैन्य बलों की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों को अग्रिम क्षेत्रों की ओर बढ़ते देखा गया है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पाकिस्तान स्थिति को और बिगाड़ना चाहता है। कर्नल कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ड्रोन, लंबी दूरी के हथियार और लड़ाकू विमानों से पश्चिमी सीमाओं पर लगातार हमले कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने इन हमलों को प्रभावकारी तरीके से नाकाम कर दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने श्रीनगर से लेकर छलिया तक 26 से अधिक स्थानों पर हवाई मार्ग से घुसपैठ की कोशिश की और उधमपुर, भुज, पठानकोट तथा बठिंडा में वायुसेना के ठिकानों को नुकसान पहुंचाया। कर्नल कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने कल रात पंजाब के वायुसेना अड्डे को निशाना बनाने के लिए हाई–स्पीड मिसाइलों का इस्तेमाल किया और श्रीनगर, अवंतीपुर तथा उधमपुर में स्वास्थ्य केन्द्रों और स्कूलों को भी निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल तनाव नहीं बढ़ाना चाहते बशर्ते पाकिस्तान की ओर से भी इस तरह की कोई कार्रवाई न की जाए। प्रेस वार्ता में विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भारतीय एस–400 हवाई रक्षा प्रणाली को नष्ट करने तथा सूरतगढ और सिरसा में हवाई क्षेत्रों को नष्ट करने के पाकिस्तानी दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने इन दावों को बेबुनियाद बताते हुए इसे पाकिस्तान के लगातार दुष्प्रचार का प्रयास बताया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान की उकसाने वाली कार्रवाई तनाव बढ़ाने वाली है और भारत ने इसका संयमित तरीके से जवाब दिया।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीमावर्ती क्षेत्रों समेत पूरे राज्य में पुलिस बलों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज पूर्णियां में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर उत्पन्न परिस्थितियों की उच्च स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने भारत–नेपाल सीमा से किसी भी तरह की घुसपैठ रोकने के लिए पुलिस और एसएसबी से मिलकर काम करने को कहा। श्री कुमार ने पूर्णियां, अररिया, किशनगंज, सुपौल और कटिहार जिले में की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इन जिलों में खुली अंतरराष्ट्रीय सीमा के कारण घुसपैठ की आशंका बनी रहती है। बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, गृह सचिव अरविंद कुमार चौधरी समेत एसएसबी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

———————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अब तक तीन स्वर्ण, छह रजत और आठ कांस्य पदक जीत लिए हैं। बिहार की टीम ने रग्बी में दो और सेपक टाकरा में एक स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, सेपक टाकरा में राज्य की टीम को तीन रजत और एक कांस्य पदक भी मिले हैं। साइकिलिंग में दो रजत और एक कांस्य पदक हासिल हुआ है। इसके अलावा बिहार की टीम ने गतका में एक रजत और चार कांस्य तथा जूडो और शूटिंग में एक–एक कांस्य पदक अपने नाम किया है। पदक तालिका में महाराष्ट्र चौबीस स्वर्ण पदक के साथ पहले स्थान पर है।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस अवधि में इकतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ गोपालगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————

समाप्त